Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

Azad वाणी
NEWS • VIEWS • ANALYSIS
RNI No. PBBIL/26/A0779




Thu - 07 May - 2026 | Year - 01 | Issue - 31 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

# भारतीय कारोबारों को वैश्विक मंच दिलाने की पहल, स्युओ ग्लोबल और पीसीसीआई के बीच एमओयू




चंडीगढ़: लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) ने पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 में बड़ा राजनीतिक दांव खेलते हुए राज्य की सभी 117 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। पार्टी ने चुनावी तैयारियों को लेकर व्यापक अभियान शुरू कर दिया है और इसी कड़ी में 14 जून 2026 को जालंधर में पंजाब राज्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री Chirag Paswan मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

पार्टी के कन्वीनर रविंद्र पाल सिंह बावा ने बताया कि विधानसभा चुनावों की रणनीति को मजबूत करने और संगठन को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने के उद्देश्य से 9 मई 2026 को जालंधर में विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है। यह बैठक रेड क्रॉस भवन में सुबह 11 बजे होगी, जिसमें पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत देवी तालाब मंदिर शक्ति पीठ से होगी, जहां पार्टी नेता और कार्यकर्ता आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इसके बाद 100 कारों का काफिला वाल्मीकि मंदिर, डॉ. बी.आर. अंबेडकर चौक और गुरु रविदास भवन पहुंचेगा, जहां महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

पार्टी नेताओं के अनुसार 14 जून को जालंधर स्थित लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में होने वाला राज्य सम्मेलन पंजाब की राजनीति में पार्टी की आगामी रणनीति तय करेगा।पार्टी का मानना है कि पंजाब में युवाओं, श्रमिकों, महिलाओं और दलित वर्ग के बीच उसका जनाधार लगातार बढ़ रहा है।

## सेक्टर-31 ग्रुप होम की व्यवस्था मजबूत करने हेतु उत्थान सोसायटी की गवर्निंग बॉडी पुनर्गठित

चंडीगढ़, 7 मई: चंडीगढ़ में गौमाताओं की स्थिति और कथित अव्यवस्था को लेकर हिंदू तख़्त के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने शहर में गौमाताओं के संरक्षण और अवैध बाड़ों से जुड़े मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।

अशोक तिवारी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि शहर में प्रतिबंध होने के बावजूद हजारों की संख्या में गौमाताओं को अवैध रूप से बनाए गए बाड़ों में रखा जा रहा है। आरोप लगाया गया कि रात के समय इन गायों को सड़कों और गलियों में छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण वे भोजन की तलाश में कचरा और प्लास्टिक खाने को मजबूर होती हैं। इससे कई



बार उनकी मौत तक हो जाती है।

प्रतिनिधियों ने कहा कि आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या सड़क दुर्घटनाओं का भी कारण बन रही है। शहर के कई क्षेत्रों में लोग ट्रैफिक और सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गौमाताओं के संरक्षण के लिए प्रभावी नीति बनाई जाए और अवैध बाड़ों पर कार्रवाई की जाए।

बैठक के दौरान हिंदू तख़्त के सदस्यों ने माखन माजरा गौशाला से जुड़े हालिया मामले का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि इस मामले में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे लोगों में नाराजगी है। प्रतिनिधिमंडल ने दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की।

राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने प्रतिनिधिमंडल की बात ध्यानपूर्वक सुनी और उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शहर में मौजूद सभी बाड़ों का पूरा ब्यौरा एकत्र कर उनके संज्ञान में लाने के निर्देश भी दिए।

## 73 वर्षीय अशोक गोयल ने लॉन्च किया आयुर्वेदिक “मूनशाइन उबटन पैक”




चंडीगढ़ निवासी 73 वर्षीय अशोक कुमार गोयल ने विशेष प्राकृतिक तत्वों से तैयार “मूनशाइन उबटन पैक” लॉन्च किया है। उन्होंने दावा किया कि यह उत्पाद 100 फीसदी आयुर्वेदिक और नेचुरल है, जो त्वचा को बिना नुकसान पहुंचाए चमकदार और स्वस्थ बनाता है। उबटन में हल्दी, चंदन, लाल गुलाब, नीम और कुछ विशेष इनग्रीडिएंट्स शामिल किए गए हैं, जो स्किन को ग्लो देने के साथ टैनिंग कम करने में मदद करते हैं।

## आर्थिक दबाव में हिमाचल सरकार, प्रशासनिक ढांचे में कटौती पर मंथन



शिमला: आर्थिक चुनौतियों और घटते राजस्व समर्थन के बीच हिमाचल प्रदेश सरकार प्रशासनिक ढांचे में बदलाव की संभावनाओं पर विचार कर रही है। रिपोर्टों के अनुसार सरकार वित्तीय दबाव को कम करने के लिए विभिन्न विभागों में प्रशासनिक पुनर्गठन की तैयारी कर रही है। इसी क्रम में राज्य में स्वीकृत आईएएस और आईएफएस अधिकारियों के पदों में कटौती का प्रस्ताव भी चर्चा में बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार खर्चों को नियंत्रित करने और वित्तीय संतुलन बनाए रखने के लिए प्रशासनिक ढांचे की समीक्षा कर रही है।

## पंजाब की सभी 117 सीटों पर चुनाव लड़ेगी लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास), 14 जून को जालंधर आएंगे चिराग



चंडीगढ़, 7 मई: चंडीगढ़ में गौमाताओं की स्थिति और कथित अव्यवस्था को लेकर हिंदू तख़्त के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने शहर में गौमाताओं के संरक्षण और अवैध बाड़ों से जुड़े मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की।

अशोक तिवारी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि शहर में प्रतिबंध होने के बावजूद हजारों की संख्या में गौमाताओं को अवैध रूप से बनाए गए बाड़ों में रखा जा रहा है। आरोप लगाया गया कि रात के समय इन गायों को सड़कों और गलियों में छोड़ दिया जाता है, जिसके कारण वे भोजन की तलाश में कचरा और प्लास्टिक खाने को मजबूर होती हैं। इससे कई बार उनकी मौत तक हो जाती है।

प्रतिनिधियों ने कहा कि आवारा पशुओं की बढ़ती संख्या सड़क दुर्घटनाओं का भी कारण बन रही है। शहर के कई क्षेत्रों में लोग ट्रैफिक और सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि गौमाताओं के संरक्षण के लिए प्रभावी नीति बनाई जाए और अवैध बाड़ों पर कार्रवाई की जाए।

बैठक के दौरान हिंदू तख़्त के सदस्यों ने माखन माजरा गौशाला से जुड़े हालिया मामले का मुद्दा भी उठाया।उन्होंने कहा कि इस मामले में अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, जिससे लोगों|

Authorised Dealer/Distributor
Industrial Pumps
Mechanical Seals
Pump Spares



A. M. ENGINEERING
279, Industrial Area, Phase-II, Chandigarh 160002
+91-9417455482
+91-9878316683
am.engg@yahoo.com
info@amengineering.in




Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. RNI Number: PBBIL/26/A0779.